Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding storm water drainage system in cities located along Ganga, Gandak and other rivers

श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर): बिहार के ऐसे सभी शहरों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं जो शहर गंगा नदी या गंडक या फिर अन्य किसी नदी के किनारे बसे हैं । ऐसे सभी शहर बरसात के मौसम में जल जमाव की समस्या से रूबरू होते हैं और शहर के लोगों का जीना दूभर हो जाता है । बरसात के मौसम में नदियों के जलस्तर में अति वृद्धि के कारण शहरों में भारी जल जमाव की समस्या पैदा होती है और ऐसी स्थिति में नालों की जर्जर स्थिति और समुचित नाले के अभाव में जल निकासी नहीं हो पाती है जिसका खामियाजा शहरवासियों को झेलना पड़ता है ।

मैं सरकार से मांग करना चाहूंगा कि गंगा नदी, गंडक नदी एवं अन्य नदियों के किनारे बसे शहरों के नगर निकायों को निर्देशित किया जाय ताकि वे समुचित नाला निर्माण का डीपीआर बनाकर शीघ्र भेजे एवं सरकार द्वारा ऐसे निर्माण हेतु राशि का आवंटन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ।